<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

ए.के.टी.यू. की सप्तम सेमेस्टर परीक्षा में हिन्दुस्तान कॉलेज के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

<u>**32 छात्र–छात्राओं ने प्राप्त किये 80 प्रतिशत से अधिक अंक, इलैक्ट्रीकल एण्ड इलैक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग की छात्रा गरिमा शर्मा 86.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रही अव्वल।**</u>

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा घोषित अंतिम वर्ष की विषम (सप्तम) सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में शारदा ग्रुप के प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलाजी के 32 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया।

संस्थान के परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि संस्थान के छात्रों की श्रेष्ठता सूची के अनुसार सभी छात्रों के अभिभावकों को सूचित करते हुए उन्हें बधाई दी। परीक्षा नियन्त्रक डॉ. आर.के. तिवारी के अनुसार इलैक्ट्रीकल एण्ड इलैक्ट्रोनिक्स इंजी. की छात्रा गरिमा शर्मा ने 86.1 प्रतिशत अंकों के साथ संस्थान के सप्तम सेमेस्टर की सभी शाखाओं में अव्वल स्थान पाया। वहीं कैमीकल ब्रॉन्च के निमित सिंह ने 85.9 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा बायोटेक ब्रॉन्च की समीक्षा खण्डेलवाल ने 85.7 प्रतिशत के साथ तृतीय तथा इलैक्ट्रीकल एण्ड इलैक्ट्रोनिक्स इंजी. की छात्रा चारू सक्सैना ने 85.5 के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

संस्थान की इस उपलब्धि पर शारदा ग्रुप के वाईस चेयरमैन श्री वाई.के. गुप्ता, कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रो. वी.के. शर्मा एवं अधिशासी निदेशक प्रो. डी.जी.रॉय चौधरी ने सभी उत्कृष्ठ छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों को उनके इस सराहनीय शिक्षण के लिए बधाई दी।

संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने सभी उत्तीर्ण एवं 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन करने वाले छात्र व छात्राओं के साथ मुलाकात कर बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी राह पर चलते रहने के लिए प्रेरित कर शुभकामनायें दीं तथा साथ ही इस अच्छे परिणाम के पीछे सहयोग करने वाले शिक्षकों एवं प्रतिपालकों की भी प्रशंसा की। उन्होंने सभी उत्कृष्ट छात्रों को भी मुबारकबाद दी तथा इसी प्रकार अनवरत मेहनत कर संस्थान को नयी ऊँचाईयाँ हासिल कराने के लिए प्रोत्साहित किया।

ब्रांच वार ऑटोमोबाइल में आयुश सक्सैना, कम्प्यूटर साइंस में जानवी डरयानी, मकैनीकल इंजी. तरुन मित्तल, इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी में अदवत्यिा दुवे, इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजी. की अनुष्का सिंह, सिविल इंजी. ऐश्वर्या सिंह ब्रांच टॉपर रहे।

इस अवसर पर कॉलेज के डीन फेक्ल्टी , सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, परामर्शदाता एवं प्रतिपालक छात्र एवं छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए भविष्य में इसी तरह नये कीर्तिमान स्थापित करने एवं संस्थान का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित कर बधाई देते नजर आये।